**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दूसरे दिन भी मण्डी जिले में सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कल देर शाम थुनाग में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ बैठक कर राहत और बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को जल्द राहत पहुंचाने के लिए सड़कों और बाधित बिजली व जलापूर्ति योजनाओं की बहाली के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे जल्द ही केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर हिमाचल के लिए एक विशेष राहत पैकेज देने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, बिजली और पेजयल परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जल्द तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारी वर्षा से प्रभावित 60 प्रतिशत पेयजल योजनाओं को आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है और वेली ब्रिज और सस्पेंशन पुलों के निर्माण के लिए राज्य सरकार पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं से इलाके में भारी तबाही हुई है और जिन लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया है, उनके पुर्नवास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

-----------------------------------------

**शिकायतें**

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जन शिकायतों के समाधान के तरीके में आमूल–चूल परिवर्तन का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि नागरिकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए शिकायत निवारण केवल निपटान तक सीमित नहीं होना चाहिए। नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हमें शिकायतों को नीतियों और प्रशासनिक नियमों में खामियों की पहचान करने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत निवारण प्रणालीगत सुधार और जीवन को सुगम बनाने का एक साधन होना चाहिए।

-----------------------------------------

**श्रीखंड यात्रा**

धार्मिक आस्था और साहस के प्रतीक से जुड़ी श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। यात्रा का पहला जत्था आज सुबह सिंहगाड़ से रवाना हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए कुल्लू जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

**हिमाचल प्रदेश की धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा यात्रा पर जाने वाले पहले जत्थे को आधार शिविर सिंहगाड़ से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तो को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है तथा बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। इस बार यह यात्रा 23 जुलाई तक चलेगी स यात्रा में प्रतिदिन अधिकतम 800 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी गई है।**

..............................................

**बधाई**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्रीखंड महादेव यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यह यात्रा मंगलमयी हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का उचित पालन करें।

..............................................

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 85 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। इन घटनाओं में एक सौ 29 लोग घायल हुए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

इस बीच मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी रहने की सम्भावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मण्डी, शिमला और सिरमौर जिले के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

..............................................

**एचआरटीसी**

राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों में अभी तक इस महीने का वेतन न मिलने से भारी रोष है और निगम के चालकों व परिचालकों ने मात्र 8 घंटे ही काम करने का फैसला लिया है। चालक परिचालक संघ के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 10 तारीख बीत जाने के बाद भी वेतन न मिलने से निगम के सैंकड़ों कर्मचारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने तक निगम के चालक व परिचालक 8 घंटे ही काम

करेंगे और उसके बाद बस खड़ी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चालकों व परिचालकों के पिछले कई महीनों के रात्रि ओवर टाईम का भुगतान भी नहीं हुआ है। संघ ने सरकार से उन्हें जल्द वेतन देने और ओवर टाईम का भुगतान करने की मांग की है।

------------------------------------------------